NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 13.7.2022
Page No. 15, Size:(16.50)cms X (13.98)cms.

Other Edition: Mumbai, Lucknow

बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात में 75 किमी. तक पिलर तैयार

Veerendra.Kumar@timesgroup.com



इस ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

■ **नई दिल्ली :** अहमदाबाद और मुंबई के बीच 2026 में दौड़ने वाली बुलेट ट्रेन ने एक और कामयाबी हासिल कर ली है। आजादी के 75वें साल में बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात में 75 किलोमीटर तक पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। इन्हीं पिलरों के ऊपर बने ट्रैक पर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

गुजरात के साबरमती में ऑपरेशन एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जा रहा है

रेल मंत्रालय और नैशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड से मिली जानकारी के मुताबिक, अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन के तहत 12 स्टेशन बन रहे हैं। उनमें से गुजरात के तहत आने वाले 8 स्टेशनों पर काम तेजी के साथ फाइनल की ओर है। बाकी महाराष्ट्र के 4 स्टेशनों पर अभी काम शुरू होना है। अहमदाबाद और मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन को 508.17 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दूरी तय करनी है। अगर, बुलेट ट्रेन कुछ चुनिंदा स्टेशन पर रुकेगी तो वह 2 घंटे 7 मिनट में दूरी तय करेगी। अगर सभी स्टेशनों पर रुककर चलेगी तो अहमदाबाद और मुंबई के बीच की दूरी 2 घंटे 58 मिनट में पूरी होगी।

जानकारी के मुताबिक, गुजरात के तहत आने वाले 352 किलोमीटर लंबे सेक्शन के लिए सिविल और ट्रैक का 100 फीसदी काम का कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया है। बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात के साबरमती में ऑपरेशन एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए गुजरात में 98.81 फीसदी जमीन का अधिग्रहण पहले ही हो चुका है। महाराष्ट्र में पहले से कुल 72.25 फीसदी जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। दादरा और नगर हवेली में 100 फीसदी जमीन का अधिग्रहण हो चुका है।

NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 14.7.2022
Page No. 1, Size:(5.61)cms X (17.36)cms.

Other Edition: Ahmedabad

2026 में दौड़ने लगेगी बुलेट ट्रेन

एमएएचएसआर कॉरिडोर पर 75 किमी के पीयर निर्माण का काम पूरा

आजादी के अमृत महोत्सव में हाई स्पीड ट्रेन दौड़ाने के लिए तेजी से ट्रैक निर्माण कार्य पूरा करने पर जोर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. अहमदाबाद और मुंबई के बीच 2026 में बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी। इस प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा किया जा रहा है। आजादी के 75वें साल में बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात में 75 किलोमीटर तक पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। रेलवे ने इसे प्रोजेक्ट के लिए बड़ी कामयाबी बताया है। इन्हीं पिलरों पर बने ट्रैक पर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

रेल मंत्रालय और नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुताबिक, वर्ष 2026 में मुंबई और अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी। अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन के ट्रैक पर 12 स्टेशन बन रहे हैं। इनमें गुजरात के हिस्से आने वाले आठ स्टेशनों पर तेजी से काम हो रहा है। महाराष्ट्र के चार स्टेशनों पर अभी काम शुरू होना है।

अहमदाबाद और मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन को 508.17 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दूरी तय करनी है। अगर बुलेट ट्रेन कुछ चुनीदा स्टेशन पर रुकेगी तो वह 2 घंटे 7 मिनट में दूरी तय करेगी। अगर सभी स्टेशनों पर रुक कर चलेगी तो अहमदाबाद और मुंबई के बीच की दूरी 2 घंटे 58 मिनट में पूरी होगी।

सूरत-बिलीमोरा के बीच चलेगी पहली ट्रेन

गुजरात के आठ जिलों से गुजरने वाले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में 98.81 फीसदी जमीन का अधिग्रहण पहले हो चुका है। महाराष्ट्र में 72.25 फीसदी जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। सूरत-बिलीमोरा के बीच पहली बुलेट ट्रेन चलने के लिए पाइल्स, फाउंडेशन, पियर, पियर कैप, वायडक्ट और स्टेशनों के लिए गर्डरों की कास्टिंग और इरेक्शन का काम चल रहा है। 180 किमी लंबाई में पाइल्स, पाइल कैप्स, ओपन फाउंडेशन, वेल फाउंडेशन, पियर, पियर कैप्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वायाडक्ट सबस्ट्रक्चर में अब तक 157.8 किमी पाइलिंग, 88.4 किमी फाउंडेशन और 75.1 किमी पियर का काम पूरा हो चुका है।